सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

श्रावण 01, बुधवार, *शाके* 1947- जुलाई 23, 2025
Sravana 01, Wednesday, Saka 1947- July 23, 2025

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

जविप्रा विकास प्राधिकरण जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मई 28, 2025

संख्या जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/15567010 :-जयपुर विकास प्रधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25** की उपधारा (**3**) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं**10**-बी, भूखण्ड संख्या **46**-ए क्षेत्रफल **154.16** वर्गगज भूमि, जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**03** के अनुसार व्यावसायिक दर्शाया गया है, का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् अधिसूचना दिनांक **11.12.2024** द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिसमें **15** दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुए। प्रकरण में भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने की सर्शत स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपान्तरण

जयपुर विकास प्रधिकरण अधिनियम **1982** की धारा **25** की उपधारा (**1**) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में स्थित पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं**10**-बी, भूखण्ड सख्या **46**-ए क्षेत्रफल **154.16** वर्गगज भूमि, जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-**2025** व जोनल विकास योजना-**03** के अनुसार व्यावसायिक दर्शाया गया है, का भू-उपयोग उपान्तरण मास्टर प्लान-**2025** के अनुसार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक **28-05-2025** को जारी की गई है।

निशान्त जैन,
सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।